प्रेषक,

अतिमहत्वपूर्ण एवं विशेषध्यानकर्षण

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय / अनुदानित / निजी क्षेत्र की संस्थाएँ।

संख्याः प्राशिप / अनु 03 / 2022 / 8777 **लखनऊः दिनांकः** 20 / 09 **/ 2022**

विषयः– **परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा जून 2022 के परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय में सूच्य है कि परिषद द्वारा आयोजित सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा जून 2022 का परीक्षा परिणाम घोषित किये जाने के सम्बन्ध में दिनॉक 20 / 09 / 2022 को आहूत परीक्षा समिति की बैठक निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मा0 सदस्यों द्वारा सर्वसम्मिति से परीक्षा परिणाम का अवलोकनोपरान्त दिनॉक 20 / 09 / 2022 को परीक्षा परिणाम समिति की बैठक में प्रस्तुत करने हेतु संस्तुति प्रदान की गयी।

उक्त अनुमोदनोपरान्त दिनांक 20 / 09 / 2022 को परिषद कार्यालय में आहूत परीक्षा परिणाम समिति की बैठक अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ की अध्यक्षता में सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा जून 2022 के परीक्षा परिणाम को घोषित किये जाने हेतु सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

उक्त के दृष्टिगत सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा जून 2022 के परीक्षा परिणाम परिषद की वेबसाइट **www.bteup.ac.in** एवं यू0 राईज पोर्टल **urise.up.gov.in** पर लिंक उपलब्ध है। आपसे अपेक्षा है कि अपने स्तर से छात्र / छात्राओं को उपरोक्तानुसार सूचित करने का कष्ट करें तथा उक्त सूचना डिस्पिले बोर्ड पर भी चस्पा करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

Khan

(एफ0 आर0 खान)
सचिव।

पृ0सं0– प्राशिप / अनु03 / 2022 / 8778-79 **तद्दिनांकः** 20 / 09 **/ 2022**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ / प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, को सूचनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, बुन्देलखण्ड क्षेत्र / पूर्वी क्षेत्र / मध्य क्षेत्र / पश्चिमी क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित संस्था प्रधानाचार्य को अपने स्तर से निर्देशित करना चाहें।
4. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग को इस निर्देश के साथ कि सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा जून 2022 के परीक्षा परिणाम हेतु परिषद की वेबसाइट **www.bteup.ac.in** पर लिंक प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
5. नोडल अधिकारी, यू–राईज, को इस निर्देश के साथ कि सम सेमेस्टर / वार्षिक / बैक पेपर / विशेष बैक पेपर परीक्षा जून 2022 का परीक्षा परिणाम पोर्टल पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

Khan

(एफ0 आर0 खान)
सचिव।